# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
## (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
## शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

संख्याः 31 –अ0प्र0(2अ)/पा0का0लि0/2014

दिनांकः 04 मार्च, 2014

**कार्यालय ज्ञाप**

कार्यालय ज्ञाप संख्या 164–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2014 दिनांक 03.03.2014 द्वारा मुख्य अभियन्ता, स्तर–2(जानपद) के एक पद को मुख्य अभियन्ता, स्तर–1(जानपद) के वैयक्तिक पद के रूप में उच्चीकृत किये जाने के अनुक्रम में एतद्द्वारा कारपोरेशन कार्यहित में निम्नांकित मुख्य अभियन्ता, स्तर–2 (जानपद) को मुख्य अभियन्ता, स्तर–1 (जानपद) के पद पर प्रोन्नत किया जाता है तथा स्तम्भ सं0–3 में उल्लिखित कार्यालय/स्थान से स्थानान्तरित कर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से स्थानापन्न मुख्य अभियन्ता (स्तर–1) (जानपद) के पद पर नियुक्त तथा स्तम्भ संख्या–04 के अनुसार तैनात किया जाता हैः–

| क0 सं0 | नाम/अभि0 संख्या/गृह जनपद/ सेवानिवृत्ति का दिनांक | वर्तमान तैनाती का कार्यालय/स्थान | मुख्य अभियन्ता (स्तर–1) के पद पर प्रोन्नति के पश्चात तैनाती का कार्यालय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री सुभाष चन्द्र–7714<br>बागपत, 31.05.2014 | मुख्य अभियन्ता, स्तर–2(जानपद)<br>पारेषण–प्रथम<br>लखनऊ | मुख्य अभियन्ता, स्तर–1(जानपद)<br>पारेषण–प्रथम<br>लखनऊ |

**2.** श्री सुभाष चन्द्र (7714), मुख्य अभियन्ता, स्तर–2, (जानपद) को मुख्य अभियन्ता, स्तर–1, (जानपद) के वैयक्तिक पद के रूप में उच्चीकृत पद पर इस प्रतिबन्ध के साथ श्री सुभाष चन्द्र को प्रोन्नति दी जाती है कि श्री सुभाष चन्द्र की सेवानिवृत्ति की तिथि 31–05–2014 के उपरान्त यह मुख्य अभियन्ता (स्तर–1) (जानपद) का पद स्वतः मुख्य अभियन्ता (स्तर–2) (जानपद) के पद में परिवर्तित हो जायेगा ।

3. मुख्य अभियन्ता, स्तर–2(जानपद) के प्रश्नगत पद को मुख्य अभियन्ता, स्तर–1, (जानपद) में उच्चीकृत किये जाने की सूचना शासन को प्रषित की गयी है इसके सन्दर्भ में यदि शासन से कोई प्रतिकूल आदेश प्राप्त होते हैं तो तदनुसार कार्यवाही की जायेगी ।

4– उक्त तैनाती आदेश जनहित याचिका संख्या 79/1997 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अन्तिम निर्णय दिनांक 21–3–2007 में निहित निर्देशों के अनुरूप हैं।

5– नियन्त्रक अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह सुनिश्चित कर ले कि स्थानान्तरित अधिकारी कार्यमुक्ति की तिथि को पावर कारपोरेशन द्वारा निर्गत आदेश सं0–5910–गोपन/पाकालि(06)–2001 दिनांक 11–6–2001 के अनुसार वार्षिक गोपनीय आख्या का अंकन तथा स्वाकंन का प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित करता है।

**प्रबन्ध निदेशक**

**संख्याः 31–अ0प्र0(2अ)/पा0का0लि0/2014 तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक, के निजी सचिव/समस्त निदेशक/अपर सचिव (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) के निजी सचिव, उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

2– अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ के निजी सचिव।

3– प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणान्चल/मध्यान्चल/पूर्वान्चल/पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, आगरा/लखनऊ/वाराणसी/मेरठ/केस्को लिमिटेड, कानपुर के निजी सचिव ।

4– समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–1)/मुख्य अभियन्ता (स्तर–2)/मुख्य महा प्रबन्धक/महा प्रबन्धक, उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0ट्रान्समिशन का0लि0।

5– समस्त संयुक्त सचिव, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

6– उप महा प्रबन्धक (लेखा प्रशासन)/लेखा अधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।

7– अनु सचिव (गोपन), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

8– सम्बन्धित अधिकारी/वैयक्तिक पत्रावली/कट फाइल।

आज्ञा से,

4/3/2014

**(प्रफुल्ल चन्द्र पन्त)**

**उप सचिव**